**Nai Dunia (Indore), 21th January 2021, Page-5**

# स्कूली विद्यार्थियों को आइआइटी दे रहा ऑनलाइन शिक्षा

इंदौर। आइआइटी इंदौर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान और प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के साथ मिलकर कक्षा छठी से आठवीं तक के उन विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा प्रयास कर रहा है जो इस समय घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण कई स्कूल बंद होने से आइआइटी ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा देने का काम कर रहा है। इसे व्याख्यान के रूप में प्रसारित किया जा रहा है। आइआइटी के छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. अजय कुशवाह, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. आमिषा कुमार, डॉ. मृगेंद्र दुबे और आइआइटी के अन्य सदस्य ऑनलाइन पढ़ाई कराने की कोशिश में साथ दे रहे हैं। व्याख्यान का उद्घाटन 13 जनवरी को आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने किया था।